ई–मेल–**prrajbhavan@gmail.com**
मो॰–9431283596

राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने माननीय प्रधानमंत्री का पटना हवाई अड्डे पर हार्दिक स्वागत किया

पटना, 10 अप्रैल 2018

मोतिहारी में आयोजित 'स्वच्छाग्रहियों के राष्ट्रीय सम्मेलन –सत्याग्रह से स्वच्छाग्रह' एवं अन्य विभिन्न सरकारी परियोजनाओं के शिलान्यास एवं उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होने आज पूर्वाह्न राजधानी पटना पधारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का पटना हवाई अड्डे पर महामहिम राज्यपाल श्री सत्य पाल मलिक ने पुष्प एवं भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ॰ राजेन्द्र प्रसाद लिखित 'चम्पारण में महात्मा गाँधी' नामक पुस्तक समर्पित कर हार्दिक अभिनन्दन एवं स्वागत किया। हवाई अड्डे पर माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने भी माननीय प्रधानमंत्री का स्वागत किया।

बाद में, माननीय प्रधानमंत्री के साथ महामहिम राज्यपाल मोतिहारी में आयोजित 'स्वच्छाग्रहियों के राष्ट्रीय सम्मेलन' एवं विविध सरकारी परियोजनाओं के शिलान्यास एवं उद्घाटन कार्यक्रम में भी शामिल हुए।

राज्यपाल श्री मलिक एवं मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने उपर्युक्त समारोह से लौटने के बाद, पटना हवाई अड्डे पर माननीय प्रधानमंत्री को सादर विदा भी किया।

....